# न्यायालय अंचल अधिकारी, डोमचांच।

जमाबंदी सुधार वाद सं0 ......07........ / 2024–25
(ऑनलाईन पंजी II सुधार) 98/23-24

02.05.24 आवेदक बिरेन्द्र यादव पिता–स्व0 गंगर यादव साकिन–काराखूट, पोस्ट–डोमचांच, प्रखंड डोमचांच, जिला कोडरमा के द्वारा मौजा–काराखूट के पंजी II के पृष्ठ सं0 144/5 पर खाता सं0–105 की जमाबंदी मेरे दादा हिरदो महतो के नाम से दर्ज है, परन्तु मेरी जमाबंदी ऑनलाईन पंजी II के पृष्ठ सं0 144/2 पर किसी अन्य व्यक्ति के साथ दर्ज हो गया है। अतएव ऑनलाईन में सुधार करने का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त आवेदन के आलोक में संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक से जॉच प्रतिवेदन की मॉग की गई। संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक का जॉच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है, जो अभिलेख में संलग्न है। उनके द्वारा जांचोपरान्त प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा काराखूट के चालू पंजी II के पृष्ठ सं0 144/5 (Mix) पर हिरदो महतो वगैरह के नाम से जमाबंदी दर्ज है। उक्त भूमि रैयती है, गैरमजरूआ खास खाते की नहीं है, भूमि का विवरण निम्न प्रकार है:–

| मौजा | रैयत एवं पिता/पति का नाम | खाता | प्लॉट नं0 | रकवा | प्राधिकार कॉलम | लगान/सेस | अंतिम रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काराखूट | हिरदो महतो वगैरह | 105 | 852 वगै0 | 2.41½ ए0 | पृ0सं0 230/1 से आया का उल्लेख है। | 2.706/4.686 | |

राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक द्वारा यह भी प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा–काराखूट के ऑनलाईन पंजी II के पृष्ठ सं0 144/2 पर बाबूलाल यादव पिता–स्व0 वजीर यादव, खाता सं0–78, रकवा–57 डी0 भूमि की जमाबंदी के साथ ही साथ हिरदो महतो वगैरह खाता सं0–105, रकवा–2.41½ एकड भूमि की जमाबंदी भी दर्ज हो गयी है। उक्त भूमि रैयती है, गैरमजरूआ खास खाते की नहीं है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| मौजा | रैयत एवं पिता/पति का नाम | खाता | प्लॉट नं0 | रकवा | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| काराखूट | बाबूलाल यादव पिता–स्व0 वजीर यादव | 78 | – | 57 डी0 | |
| | हिरदो महतो वगैरह | 105 | 852 वगैरह | 2.41½ ए0 | |

उभय पक्षों को अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस निर्गत करें।

अभिलेख दिनांक......10/05/2024........ को रखें।

अंचल अधिकारी,
डोमचॉच।

10.05.24 **अभिलेख उपस्थापित।**

नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। किसी भी व्यक्ति के द्वारा कोई आपत्ति दाखिल नहीं किया गया है। बिरेन्द्र यादव न्यायालय में उपस्थित हुये। बाबूलाल यादव–अनुपस्थित है।

राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक द्वारा यह भी प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा–काराखूट के ऑनलाईन पंजी II के पृष्ठ सं0 144/2 से हिरदो महतो वगैरह, खाता सं0–105, रकवा–2.41½ एकड़ भूमि की जमाबंदी को विलोपित करते हुए, मौजा–काराखूट के ऑनलाईन पंजी II के पृष्ठ सं0 144/5 पर हिरदो महतो वगैरह, खाता सं0–105, रकवा–2.41½ एकड़ भूमि की जमाबंदी दर्ज करने का मंतव्य दिया गया है। आवेदक द्वारा शपथ पत्र सं0–140 दिनांक–18.08.2023 समर्पित किया गया है, जो अभिलेख में संलग्न है।

अतः प्रस्तुत कागजातो के अवलोकन तथा राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक के प्रतिवेदन एवं अनुशंसा के आधार पर मौजा–काराखूट के ऑनलाईन पंजी II के पृष्ठ सं0 144/2 से हिरदो महतो वगैरह, खाता सं0–105, रकवा–2.41½ एकड़ भूमि की जमाबंदी को विलोपित करते हुए, मौजा–काराखूट के ऑनलाईन पंजी II के पृष्ठ सं0 144/5 पर हिरदो महतो वगैरह, खाता सं0–105, रकवा–2.41½ एकड़ भूमि की जमाबंदी दर्ज करने की स्वीकृति दी जाती है।

Digitally signed by RABINDRA KUMAR PANDEY.
Date: 2025.01.09 15:41:03 +05:30
Location: 10.93.152.209

अंचल अधिकारी,
डोमचांच।

Scanned with OKEN Scanner